Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

>

Title: Need to invest one percent of profit earned by ONGC from exploration of Oil & Gas in Mehsana, Gujarat for the development of the region.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में हजारों की तादाद में तेल के कुंए हैं, जिनसे ओ एन जी सी अरबों रूपये का तेल एवं गैस निकालती है। ओएनजीसी ने आ हाल ही में अपने एक विज्ञापन में बताया है कि जिन क्षेत्रों में तेल एवं गैस निकाले जाते हैं उनसे प्राप्त लाभ का एक प्रतिशत उस क्षेत्र के विकास कार्य एवं सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए खर्च किया जाता है परन्तु इस सदन को यह बताते हुए खेद हो रहा है कि ओ.एन.जी.सी ने कभी भी मेरे क्षेत्र मेहसाणा में तेल एवं गैसे से हुए लाभ का एक प्रतिशत खर्च नहीं किया। ओएनजीसी जहां से भी तेल और गैस निकाल रही है उनमें से सबसे उच्च क्वालिटी का तेल और सबसे ज्यादा तेल महसाणा से ही मिल रहा है। ओएनजीसी के कुल लाभ में महसाणा की देन 35 प्रतिशत के करीब है। ओएनजीसी से मेरे संसदीय क्षेत्र की भूमि खराब हो रही है, पेयजल में फ्लोराईड पैदा हो गया है तथा भूमि जल स्तर 1500 फुट के करीब चला गया है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में ओ.एन.जी.सी लाभ का एक प्रतिशत खर्च करें।